# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# अप्रैल, 2022

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी अप्रैल, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 April, 2022

- **दुबई एक्सपो का समापन हुआ–**

31 मार्च, 2022 को दुबई एक्सपो का समापन हुआ। यह 6 माह से चल रहा था। दुबई एक्सपो में लगभग 2.30 करोड़ लोगों ने 6 माह के दौरान एक्सपो विजिट की। इसमें 96 एक्सपो साइट्स पर विभिन्न इवेंट्स का आयोजन किया गया तथा इसमें 30 हजार से अधिक कार्यक्रम हुए।

## News Paper of 3 April, 2022

- **दिल्ली फायर सर्विस ने अपने बेड़े में रोबोट शामिल किए–**

दिल्ली फायर सर्विस ने यूरोप की तर्ज पर अपने बेड़े में रोबोट शामिल किए हैं। इस तरह देश में पहली बार फायर फाइटिंग सिस्टम में रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। रोबोट के इस्तेमाल के बाद आग बुझाने के लिए जोखिम के कार्य आसानी से हो सकेंगे। ऐसे रोबोट की कीमत प्रति रोबोट लगभग 7 करोड़ रुपये होगी।

- **नेपाल के लिए भारतीय पेमेंट सर्विस सिस्टम 'रुपे' लॉन्च की गई तथा जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के लिए यात्री ट्रेन भी शुरू की गई–**

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा की तीन दिवसीय (1, 2, 3 अप्रैल) भारत यात्रा के दौरान 2 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउवा के साथ संयुक्त रूप से नेपाल के लिए भारतीय पेमेंट सर्विस सिस्टम 'रुपे' लॉन्च किया। साथ ही जयनगर (भारत) और कुर्था (नेपाल) के बीच यात्री ट्रेन को भी शुरू किया गया।

- **कोरोना का नया वैरिएंट 'एक्सई' अधिक संक्रामक–**

हाल ही में कोरोना का नया वैरिएंट 'एक्सई' ओमिक्रॉन से 10 प्रतिशत अधिक संक्रामक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार नया वैरिएंट 'एक्सई' ओमिक्रॉन के दो संस्करणों बीए.1 और बीए.2 से मिलकर बना है। इस वैरिएंट का पहली बार 19 जनवरी, 2022 को ब्रिटेन में पता चला।

## News Paper of 4 April, 2022

- **आईसीसी महिला वनडे विश्वकप क्रिकेट का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता–**

हाल ही में सम्पन्न हुए आईसीसी महिला वनडे विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियन बनी है। 3 अप्रैल, 2022 को हुए फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया टीम ने गत चैम्पियन इंग्लैण्ड को 71 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी कर 356 रन बनाए जो कि महिला वनडे क्रिकेट विश्वकप का सबसे बड़ा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 7वीं बार यह खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने यह खिताब वर्ष 1978, 1982, 1988, 1997, 2005, 2017 और 2022 में जीता है।

- **उद्योग संगठन 'भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ' (फिक्की) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 7.4% रहने का अनुमान–**

हाल ही में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है कि वर्ष 2022-23 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में भी 50 से 75 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी कर सकता है, थोक महंगाई दर में 12.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है एवं कृषि क्षेत्रों में 3.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है।

## News Paper of 5 April, 2022

- **विनय मोहन भारत के नए विदेश सचिव होंगे–**

विनय मोहन क्वात्रा को भारत का नया विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वे अप्रैल के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले वर्तमान विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला के स्थान पर पद ग्रहण करेंगे। विनय मोहन क्वात्रा की विदेश सचिव पद पर नियुक्ति नेपाल में भारतीय राजदूत पद पर रहते हुए हुई है।

- **फाल्गुनी शाह को ग्रैमी अवॉर्ड का सम्मान मिला–**

4 अप्रैल, 2022 को भारतीय-अमेरिकी गायिका फाल्गुनी शाह को 'ए कलरफुल वर्ल्ड' के लिए सर्वश्रेष्ठ बाल एलबम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **फ्रांस के कार्लोस अल्काराज ने ओपन पुरुष एकल खिताब जीता : सबसे कम उम्र ( 18 वर्ष ) के चैम्पियन बने–**

3 अप्रैल, 2022 को स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी ओपन पुरुष एकल टेनिस खिताब जीता। उन्होंने वर्ल्ड नंबर-8 कैस्पर रूड को लगातार सेट में 7-5, 6-4 से हराया। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। कार्लोस अल्काराज मियामी ओपन जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। वे मास्टर्स 1000 जीतने वाले स्पेन के राफेल नडाल और अमेरिका के माइकल चैंग के बाद तीसरे सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी हैं।

## News Paper of 6 April, 2022

- **केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 22 यू-ट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया–**

5 अप्रैल, 2022 को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश की सुरक्षा, विदेशी रिश्तों व सरकारी आदेश को लेकर गलत जानकारी फैला रहे 22 यू-ट्यूब चैनलों पर डिजिटल स्ट्राइक के तहत इन्हें ब्लॉक कर दिया। इन यू-ट्यूब चैनलों में चार पाकिस्तानी चैनलों को भी ब्लॉक किया गया है। इनके अलावा 3 ट्विटर अकाउंट, एक फेसबुक अकाउंट और एक न्यूज वेबसाइट को भी ब्लॉक किया गया।

## News Paper of 8 April, 2022

- **कवयित्री और फिल्म गीतकार माया गोविन्द का निधन–**

7 अप्रैल, 2022 को प्रसिद्ध कवयित्री और फिल्म गीतकार माया गोविन्द का निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। माया गोविन्द ने लगभग 350 फिल्मों में गीत लिखे।

## News Paper of 10 April, 2022

- **कोविड-19 की बूस्टर डोज ₹ 225 में लगेगी–**

हाल ही में कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड व कोवैक्सीन की बूस्टर डोज की कीमतों में कमी करके एक डोज की कीमत ₹ 225 निर्धारित की गई है। पूर्व में कोविशील्ड की एक डोज ₹ 600 और कोवैक्सीन की एक डोज ₹ 1200 की थी।

## News Paper of 11 April, 2022

- **आन्ध्र प्रदेश में पाँच (5) उपमुख्यमंत्री बने–**

आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने 5 उपमुख्यमंत्री बनाए हैं। अब आन्ध्र प्रदेश की केबिनेट में 25 मंत्री और 5 उपमुख्यमंत्री हो गए हैं। आन्ध्र प्रदेश में 175 विधानसभा सीटें हैं।

## News Paper of 12 April, 2022

- **वर्ष 2024 टी-20 विश्व कप में 20 टीमें होंगी–**

10 अप्रैल, 2022 आईसीसी के फैसले के अनुसार वर्ष 2024 के आईसीसी टी-20 विश्व कप में 20 टीमें शामिल होंगी जिसमें 12 टीमें सीधे क्वालीफाई करेंगी। वर्ष 2024 के आईसीसी टी-20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होगा। साथ ही पहला महिला अंडर-19 विश्व कप 2023 में खेला जाना सुनिश्चित किया गया। यह जनवरी, 2023 में दक्षिण अफ्रीका में होगा।

- **शहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने–**

11अप्रैल, 2022 को पीएमएल-एन नेता व पूर्व पीएम नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुना गया। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सीनेट के चेयरमैन सादिक संजरानी ने शपथ दिलाई।

## News Paper of 14 April, 2022

- **भारत को बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में जापान में चल रही ई5 शिंकानसेन सीरीज की ट्रेनें मिलेंगी–**

भारत में मुम्बई-अहमदाबाद के बीच वर्ष 2027 से प्रस्तावित बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में जापान में चल रही ई5 शिंकानसेन सीरीज की ट्रेनें मिलेंगी। इन ट्रेनों को भारत की भौगोलिक स्थिति (तापमान, धूल और भार जैसी परिस्थितियों) के हिसाब से इनमें आवश्यक बदलाव भी किए जाएंगे। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सतीश अग्निहोत्री हैं।

## News Paper of 15 April, 2022

- **केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) ने दाखिले से जुड़े सभी 17 श्रेणियों के विशेष कोटे पर रोक लगाई–**

हाल ही में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) ने सांसदों सहित केन्द्रीय विद्यालयों में दाखिले से जुड़े सभी 17 श्रेणियों के विशेष कोटे पर रोक लगाई है। यह रोक अस्थायी रूप से लगाई गई है। अत: अब केन्द्रीय विद्यालयों के दाखिले में अब कोई कोटा नहीं चलेगा।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का लोकार्पण/उद्‌घाटन किया–**

14 अप्रैल, 2022 अम्बेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेहरू म्यूजियम एंड लाइब्रेरी परिसर/3 मूर्ति भवन परिसर में प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया। यह संग्रहालय ₹ 271 करोड़ की लागत से बना है। इस संग्रहालय में पूर्व प्रधानमंत्रियों (जवाहरलाल नेहरू से लेकर अब तक) के राष्ट्र निर्माण में योगदान को आधुनिक तकनीक के जरिए दर्शाया गया है।

- **केन्द्र सरकार ने कपास के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म की–**

हाल ही में 14 अप्रैल, 2022 से केन्द्र सरकार ने कपास के आयात पर 30 सितम्बर, 2022 तक इंपोर्ट ड्यूटी (सीमा शुल्क) को हटा दिया है। अभी तक कपास के आयात पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था जिसे शून्य कर दिया गया है। इससे सूती वस्त्र कपड़ा उद्योग को राहत मिलेगी।

## News Paper of 16 April, 2022

- **भारत को रूस से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की दूसरी खेप मिली–**

हाल ही में अप्रैल, 2022 में भारत को रूस से एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की दूसरी (नई) खेप मिली है। मिसाइल प्रणाली का दूसरा स्क्वाड्रन प्रशिक्षण स्क्वाड्रन है। इसमें प्रशिक्षण और प्रशिक्षण से संबंधित दूसरे उपकरण हैं। इस मिसाइल प्रशिक्षण का पहला स्क्वाड्रन पाकिस्तान और चीन के खतरों से निपटने के लिए तैनात है। एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम सबसे बड़ी रक्षा डील में से एक है।

## News Paper of 17 April, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मोरबी में हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान हनुमान की 108 फीट की मूर्ति का वर्चुअल अनावरण किया–**

16 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मोरबी में हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान हनुमान की 108 फीट की मूर्ति का वर्चुअल अनावरण किया।

- **पंजाब में 1 जुलाई, 2022 से घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट प्रतिमाह बिजली मुफ्त मिलेगी–**

पंजाब सरकार ने पंजाब में 1 जुलाई, 2022 से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 300 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। यह घोषणा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की।

## News Paper of 19 April, 2022

- **अमेरिकी अंतरिक्ष (स्पेस) एजेंसी नासा ने धरती और अंतरिक्ष के सम्पर्क की नई तकनीक का परीक्षण किया : 'होलोपोर्टिंग' नाम दिया गया–**

हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने धरती और अंतरिक्ष के सम्पर्क की नई तकनीक का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर परीक्षण किया है। इस तकनीक को 'होलोपोर्टिंग' नाम दिया गया है जो कि होलोग्राम और टेलिपोर्टेशन का मिश्रित रूप है। इस परीक्षण के दौरान नासा फ्लाइट सर्जन डॉ. जोसेफ श्मिड होलोग्राम के रूप में आईएसएस पर दिखाई दिए। यह तकनीक बेहद दूरी पर मौजूद लोगों से सम्पर्क का नया तरीका है। यह तकनीक मानवीय अन्वेषण (ह्यूमन एक्सप्लोरेशन) का नया रूप है, जो इंसानों के अस्तित्व को धरती से बाहर तक पहुँचाता है।

- **थोक महंगाई दर मार्च 2022 में बढ़कर 14.55% हुई–**

भारत में थोक महंगाई दर मार्च, 2022 में 14.55% हो गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में थोक महंगाई दर लगातार डबल डिजिट में रही है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में थोक एवं खुदरा महंगाई दर–

| माह | थोक महंगाई दर | खुदरा महंगाई दर |
|---|---|---|
| अप्रैल-2021 | 10.49 | 4.29 |
| मई-2021 | 12.94 | 6.30 |
| जून-2021 | 12.07 | 6.26 |
| जुलाई-2021 | 11.57 | 5.59 |
| अगस्त-2021 | 11.64 | 5.30 |
| सितम्बर-2021 | 11.80 | 4.35 |
| अक्टूबर-2021 | 12.54 | 4.48 |
| नवम्बर-2021 | 14.87 | 4.91 |
| दिसम्बर-2021 | 14.30 | 5.56 |
| जनवरी-2022 | 12.96 | 6.01 |
| फरवरी-2022 | 13.11 | 6.07 |
| मार्च-2022 | 14.55 | 6.95 |

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**News Paper of 20 April, 2022**

- **भारत की विकास दर वर्ष 2022-23 में 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान : अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने की घोषणा–**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2022-23 के लिए भारत की विकास दर (जीडीपी) ग्रोथ अनुमान को 9 प्रतिशत से घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ के अनुसार यूक्रेन-रूस युद्ध से उत्पन्न संकट के कारण क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है।

**वर्ष 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान**

(प्रतिशत में)

| | अप्रैल-2021 | अक्टूबर-2021 | अप्रैल-2022 |
|---|---|---|---|
| सम्पूर्ण विश्व की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान | 4.4 | 4.9 | 3.6 |
| भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान | 9.0 | 8.5 | 8.2 |
| चीन की जीडीपी ग्रोथ अनुमान | 4.8 | 5.6 | 4.4 |
| अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ अनुमान | 4.0 | 5.2 | 3.7 |

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ एवं WHO के डीजी डॉ. टेड्रोस घेबरिसिस ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के वैश्विक केन्द्र का शिलान्यास किया–**

19 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ एवं WHO के डीजी डॉ. टेड्रोस घेबरिसिस ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के वैश्विक केन्द्र का शिलान्यास भूमिपूजन किया।

यह वैश्विक केन्द्र पारंपरिक चिकित्सा के प्रभाव को साबित करने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाएगा।

यह केन्द्र WHO का ग्लोबल सेंटर है जो दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा का पहला और अकेला वैश्विक आउटपोस्ट सेंटर होगा।

- **भारतीय मूल की पूर्व अमेरिकी नौसेना अफसर शांति सेठी अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की रक्षा सलाहकार बनीं–**

अप्रैल, 2022 में भारतीय मूल की पूर्व अमेरिकी नौसेना अफसर शांति सेठी को अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की रक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है।

- **ले. जनरल मनोज कुमार कटियार सैन्य अभियान के महानिदेशक होंगे–**

हाल ही में ले. जनरल मनोज कुमार कटियार को सैन्य अभियान का अगला महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे 1 मई, 2022 से इस पद पर नियुक्त होंगे। ले. जनरल मनोज कुमार कटियार को अति विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जा चुका है। वर्तमान में ये 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्यरत हैं।

**News Paper of 21 April, 2022**

- **वेस्टइंडीज के कप्तान किरोन पोलार्ड ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया–**

20 अप्रैल, 2022 को वेस्टइंडीज के कप्तान और ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। पोलार्ड ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वर्ष 2007 से खेलना शुरू किया और कुल 224 मैच खेलकर चार हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं। पोलार्ड सीमित ओवरों के लीग मैचों के तहत आईपीएल मैचों में खेलते रहेंगे। वर्तमान में पोलार्ड आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं।

- **भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल के विभिन्न रूपों का सफल परीक्षण किया–**

19 अप्रैल, 2022 को भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल के विभिन्न रूपों का भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आइएनएस दिल्ली और भारतीय वायुसेना के फ्रंटलाइन फाइटर जेट सुखोई-30 एमकेआई से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

- **आईएनएस वागशीर पनडुब्बी लॉन्च–**

हाल ही में मुंबई में आईएनएस वागशीर पनडुब्बी लॉन्च की गई है। इसे समुद्री परीक्षण के बाद मार्च, 2024 तक नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह पनडुब्बी समुद्री सीमा की निगरानी से लेकर हमले तक की क्षमताओं से लैस है। इस पनडुब्बी को मझगांव गोदी में आत्मनिर्भर भारत के तहत बनाया गया है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में तीन दिवसीय ग्लोबल आयुष एंड इनोवेशन समिट का उद्घाटन किया–**

20 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में तीन दिवसीय ग्लोबल आयुष एंड इनोवेशन समिट का उद्घाटन किया। इस दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवीन्द्र कुमार जगन्नाथ एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के निदेशक डॉ. टेड्रोस मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. टेड्रोस को 'तुलसी भाई' नामकरण से संबोधित किया।

## News Paper of 22 April, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित किया : 400 रुपये का सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया–**

21 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित किया। लाल किले से रात्रि के समय किसी प्रधानमंत्री का यह पहला संबोधन रहा।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया।

- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन भारत दौरे पर आए–**

21 अप्रैल, 2022 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन दो दिवसीय यात्रा के लिए पहले भारत दौरे पर आए। अपने भारत दौरे के दौरान वे सबसे पहले गांधीनगर (गुजरात) के साबरमती आश्रम पहुँचे जहाँ उन्होंने चरखा चलाया। 300 वर्षों में किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पहला गुजरात दौरा है।

- **भारत का पहला पुरोहित कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश में खुलेगा–**

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुजुर्ग संतों, पुजारियों एवं पुरोहितों के हितों के लिए पुरोहित कल्याण बोर्ड गठित करने का आदेश दिया है। पुरोहित कल्याण बोर्ड देश का ऐसा पहला कल्याण बोर्ड होगा।

## News Paper of 23 April, 2022

- **₹ 25000 से अधिक टीडीएस कटौती पर आयकर रिटर्न भरना अनिवार्य किया गया–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने इंकम टैक्स के दायरे को बढ़ाने के लिए उस प्रत्येक व्यक्ति के लिए इंकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरना अनिवार्य कर दिया है जिसका किसी एक वित्तीय वर्ष के अंदर ₹ 25000 या इससे अधिक टीडीएस कटा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह सीमा ₹ 50000 या इससे अधिक रखी गयी है।

## News Paper of 24 April, 2022

- **वाराणसी में कचरे से कोयला तैयार करने का देश का पहला प्लांट शुरू होगा–**

वाराणसी में कचरे से कोयला तैयार करने का देश का पहला प्लांट लगाया जा रहा है। इस प्लांट के जरिए कचरे से करीब 300 टन कोयले का उत्पादन प्रतिदिन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर एनटीपीसी और वाराणसी नगर निगम मिलकर कार्य कर रहे हैं। यह प्लांट दिसम्बर, 2022 तक कार्य करना शुरू कर देगा।

## News Paper of 25 April, 2022

- **24 अप्रैल - पंचायतीराज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा : 30 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को संबोधित कर विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया–**

24 अप्रैल, 2022 को पंचायतीराज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर की ₹ 20,000 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू के सांबा जिले के पल्ली से देश की 30 हजार से ज्यादा ग्राम सभाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निम्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया—

- ₹ 3100 करोड़ से अधिक की लागत से बनी श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल-काजीगुंड रोड़ टनल (सड़क सुरंग) का उद्घाटन किया।
- सांबा में 108 जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया।
- पल्ली में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। पल्ली पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत बनी।
- अमृत सरोवर मिशन की शुरुआत। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस योजना के अन्तर्गत देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों का विकास और कायाकल्प होगा।
- दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास किया।
- किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर 850 मेगावाट की रतले जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास।
- 540 मेगावाट की क्वार जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास।

- **इमैनुएल मैक्रों पुनः फ्रांस का राष्ट्रपति चुनाव जीते–**

हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति चुनाव में इमैनुएल मैक्रों पुनः एक बार जीते हैं। उन्होंने इस चुनाव में नेशनल रैली पार्टी की नेता मरिन ले पेन को हराया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 27 April, 2022

- **माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर का मालिकाना हक दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क का हुआ–**

हाल ही में माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर का मालिकाना हक दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क का हो गया है। एलन मस्क ने ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर अर्थात् ₹ 3368 अरब में खरीदने की डील की है।

ट्विटर के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य—

- 50 करोड़ से अधिक ट्वीट प्रतिदिन दुनियाभर में होते हैं।
- ट्विटर की बाजार पूँजी 3.87 हजार करोड़ डॉलर है।
- एलन मस्क की 100% हिस्सेदारी के बाद ट्विटर प्राइवेट कम्पनी बनेगी।

## News Paper of 28 April, 2022

- **स्वदेशी मिसाइल 'आकाश' के एडवांस वर्जन का पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण–**

27 अप्रैल, 2022 को जमीन से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'आकाश' के एडवांस वर्जन का पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। आकाश मिसाइल से संबंधित तथ्य—

- यह मिसाइल सर्च ट्रेन एंड फायर कंट्रोल पर आधारित है।
- इस मिसाइल में सिंगल यूनिट पर तीन राडार लगे हुए हैं।
- आकाश मिसाइल को सेना के ट्रक से आसानी से दागा जा सकता है।
- आकाश मिसाइल को डीआरडीओ में विकसित किया गया है।
- आकाश मिसाइल की रेंज आसमान में 30 किलोमीटर तक है। यह 18 किमी. ऊँचाई तक जाती है और 50 से 80 किमी. दूर दुश्मन को निशाना बना सकती है।
- इसे हवा में नियंत्रित किया जा सकता है। ये खुद सेंसर के जरिए ड्रोन से लेकर लड़ाकू विमानों के अलावा दुश्मन की क्रूज मिसाइलों तक को निशाना बनाने में सक्षम है।
- टार्गेट की सटीक पहचान की क्षमता बढ़ाने के लिए एक्टिव रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगाया है। रिमोट से नियंत्रित किए जा रहे एयरक्राफ्ट को भी आसानी से ढूंढ सकती है।
- इसमें अत्यधिक ऊँचाई पर जाने के बाद तापमान नियंत्रण के यंत्र को भी अपग्रेड किया गया है।

## News Paper of 29 April, 2022

- **भारत में भी अंतरिक्ष में सैटेलाइट सिस्टम से विमानों का संचालन हो सकेगा : अमेरिका, जापान के बाद तीसरा देश भारत–**

हाल ही में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएसआई) ने अंतरिक्ष में लगे सैटेलाइट सिस्टम से विमानों के संचालन का पहला और सफल ट्रायल किशनगढ़ एयरपोर्ट पर बतौर इंडिगो एयरलाइंस के विमान से किया। इस तकनीक के तहत भारत में भी अब विमान अंतरिक्ष में लगे सैटेलाइट सिस्टम से हवा में उड़ सकेंगे। यह तकनीकी लोकोलाइजर परफोर्मेंस विद वरटिकल गाइडेंस (एसपीवी) पर आधारित है।

इस तरह की तकनीक का प्रयोग करने वाला भारत अमेरिका और जापान के बाद तीसरा देश है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का असम दौरा : 7 कैंसर अस्पतालों का शिलान्यास एवं 6 कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया–**

28 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम दौरे के तहत असम के डिब्रूगढ़ में असम में बनने वाले 7 कैंसर अस्पतालों का शिलान्यास एवं 6 कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया। ये अस्पताल असम सरकार एवं टाटा ट्रस्ट्स का संयुक्त उद्यम बना रहा है।

रतन टाटा ने इस अवसर पर कहा "मैं अपनी जिंदगी के अंतिम वर्ष स्वास्थ्य को समर्पित करता हूँ।"

## News Paper of 30 April, 2022

- **लेफ्टिनेंट जनरल बग्गावल्ली सोमशेखर (बी.एस.) राजू को भारतीय थल सेना का नया उपप्रमुख नियुक्त किया गया–**

हाल ही में 29 अप्रैल, 2022 को लेफ्टिनेंट जनरल बग्गावल्ली सोमशेखर राजू को भारतीय थल सेना का नया उपप्रमुख नियुक्त किया गया है। वे 1 मई, 2022 से पदभार पर नियुक्त हुए।

- **लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे भारत के नए थलसेना प्रमुख बने : इस पद पर पहुँचने वाले पहले इंजीनियर–**

हाल ही में लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को भारत का नया थल सेना प्रमुख बनाया गया है। मनोज पांडे भारतीय थल सेना

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

के 29वें थल सेना प्रमुख हैं। मनोज पांडे कोर ऑफ इंजीनियर्स से थल सेना प्रमुख बनने वाले पहले सैन्य अधिकारी हैं। वर्तमान थल सेना प्रमुख एम.एम. नरवणे के 30 अप्रैल, 2022 को सेवानिवृत्त होने के बाद मनोज पांडे ने भारतीय थल सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। पूर्व में मनोज पांडे ईस्टर्न कमांड के कमांडिंग ऑफिसर रह चुके हैं तथा अंडमान एवं निकोबार कमांड के कमांडर इन चीफ का पद भी संभाल चुके हैं। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल मिल चुका है।

❖❖❖

